अमर उजाला

# पुलिस ने सीमेंट के गोदाम से ट्रक भरे छह सौ कट्टे नकली सीमेंट किया बरामद

मुरादाबाद ब्यूरो Updated Fri, 11 Oct 2019 12:39 AM IST




बिलासपुर में ट्रक में भरा बरामद नकली सीमेंट। फोटो अमर उजाला - फोटो : BILASPUR

रामपुर। कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र के एक गोदाम पर छापामार कार्रवाई करके नकली सीमेंट बनाने का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने नकली सीमेंट का गोरखधंधा करने वाले दो लोगों को गिरफ्तार किया है। जबकि, मुख्य सरगना समेत दो लोग फरार हो गए। पुलिस ने सीमेंट भरा ट्रक समेत करीब छह सौ कट्टे बरामद किए हैं। नकली सीमेंट पकड़े जाने से हड़कंप मच गया है।

कोतवाली प्रभारी माधो सिंह बिष्ट के मुताबिक गुरुवार को सूचना मिली थी कि ग्राम चकफेरी रोड पर ग्राम विशनपुर जागीर के जंगल में बने गोदाम में कुछ लोग नकली सीमेंट बनाने का गोरखधंधा कर रहे हैं। वह लोग नकली सीमेंट को ब्रांडेड कट्टों में पैक करके बाजार में बेंचकर भारी मुनाफा कमाने का काम कर रहे हैं। पुलिस को यह भी पता चला था कि नकली सीमेंट को एक ट्रक में भरकर सीमेंट माफिया ट्रक को लेकर कहीं बाहर जाने की तैयारी कर रहे हैं। पुलिस ने आनन फानन में छापामार कार्रवाई की तो गोदाम में मौजूद चार लोग पुलिस को देखकर भागने लगे, जिसमें पुलिस ने दो लोगों को दौड़ाकर दबोच लिया। जबकि, दो लोग भागने में कामयाब हो गए। पूछताछ करने पर एक ने स्वयं को भोट निवासी मोहम्मद रफी तथा दूसरे ने थाना गंज के ग्राम काशीपुर आगा निवासी इरशाद बताया। उन्होंने फरार अपने साथियों के नाम व पते भी बताए हैं, जिसमें एक व्यक्ति सरगना बताया गया है। पुलिस का कहना है कि मौके से एक ट्रक बरामद किया गया, जिसमें 215 कट्टे नकली सीमेंट भरा था। नकली सीमेंट के अन्य कट्टे गोदाम में रखे थे। पुलिस ने गोदाम से सीमेंट तौलने के लिए एक इलेक्ट्रानिक कांटा और ब्रांडेड सीमेंट कंपनियों के कट्टे बरामद कर लिया। पुलिस ने चारों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके गिरफ्तार दोनों लोगों का चालान कर दिया तथा ट्रक को सीज करने की कार्रवाई की है।

Source: https://www.amarujala.com/himachal-pradesh/bilaspur/police-caught-fake-cement-bilaspur-news-mbd3253051144